भारत सरकार

गृह मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *41

दिनांक 03 फरवरी 2026 / 14 माघ, 1947 (शक) को उत्तर के लिए

केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल प्रशिक्षण संस्थान

†*41 श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टीः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में प्रत्येक केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के लिए कुल कितने प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किए गए हैं;

(ख) ये संस्थान राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कहां-कहां स्थित हैं और उनमें बुनियादी प्रशिक्षण, उग्रवाद-रोधी, जंगल क्षेत्र में युद्ध, तकनीकी, चिकित्सा, अग्नि सुरक्षा और विशिष्ट पाठक्रमों सहित किस-किस प्रकार के प्रशिक्षण प्रदान किए जाते हैं;

(ग) क्या विगत पांच वर्षों के दौरान उक्त प्रशिक्षण केन्द्रों का कोई विस्तार, आधुनिकीकरण या उन्नयन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी सशस्त्र बल-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इन प्रशिक्षण संस्थानों के लिए न्यूनतम मानक और अवसंरचना संबंधी मानक निर्धारित किए गए हैं और ऐसे मानकों के प्रमुख घटक क्या हैं;

(ङ) क्या देश में विशेषकर विजयनगरम जिले सहित आंध्र प्रदेश में ऐसे कोई नए प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है और ऐसे प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(च) ऐसी अवधि के दौरान केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल प्रशिक्षण अवसंरचना के विकास के लिए वर्ष-वार और सशस्त्र बल-वार कितनी धनराशि आवंटित की गई और उपयोग में लाई गई हैं ?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री नित्यानंद राय)

(क) से (च): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *41 दिनांक 03.02.2026

केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल प्रशिक्षण संस्थान के संबंध में दिनांक 03.02.2026 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 41 के उत्तर में उल्लेखित विवरण

(क) और (ख): केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के प्रशिक्षण की ज़रूरतों के लिए पूरे देश में कुल 83 प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किए गए हैं। वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखकर, पारंपरिक और आधुनिक तकनीक के आधार पर प्रशिक्षण दिया जाता है, इसमें भौगोलिक परिस्थितियों का भी ध्यान रखा जाता है। इन प्रशिक्षण संस्थानों की संख्या , राज्य/केंद्र शासित प्रदेश वार अनुलग्नक-। में दी गई है।

(ग): प्रशिक्षण संस्थानों का विस्तार, आधुनिकीकरण तथा उन्नयन आवश्यकता के हिसाब से किया जा रहा है। इसके अलावा, सीएपीएफ में प्रशिक्षण देने के लिए मोटर वाहन, टेक्निकल गैजेट्स की खरीद और कुशल जनशक्ति सृजन करने का कार्य समय-समय पर किया जाता रहा है। प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा कुशल और प्रभावी प्रशिक्षण दिया जाता है जिसका परिणाम अनेक सफलता-पूर्वक की गयी कार्यवाहियों जैसे कि आतंकवाद नियंत्रण, सीमा सुरक्षा, एंटी-इंसरजेंसी, शांति व्यवस्था बनाये रखने, वामपंथी उग्रवाद का उन्मूलन का उद्देश्य को प्राप्त करने और समन्वय स्थापित करने में प्रतिलक्षित होता है।

(घ): सभी प्रशिक्षण केंद्र अधिकृत मानकों के अनुसार स्थापित किए गए हैं। कुछ मुख्य मानक इस प्रकार हैं: प्रशासनिक और प्रशिक्षण स्टाफ, प्रशिक्षण क्षेत्र, आवासीय क्वार्टर, प्रशासनिक बिल्डिंग, हॉस्पिटल, क्वार्टर गार्ड/मैगज़ीन, प्रशिक्षु हॉस्टल, क्लास रूम, ऑडिओ वीडियो रूम, कंप्यूटर लैब, लेक्चर हॉल, परेड/पीटी ग्राउंड, फायरिंग रेंज, मोटर ट्रांसपोर्ट, तकनीकी उपकरण ।

(ङ): आंध्र प्रदेश के कालीकिरी में CRPF का एक प्रशिक्षण केंद्र है, जहाँ पर विभिन प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। वर्तमान में विजयनगरम जिले में प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *41 दिनांक 03.02.2026

(च): पिछले पांच सालों में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल प्रशिक्षण अवसरंचना के विकास के लिये आवंटित और उपयोग की गई धनराशि, वर्ष-वार और सशस्त्र बल-वार इस प्रकार है :-

(₹ करोड़ में)

क्रं. सं.	**CAPFs**		**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**	**कुल**
1.	SSB	**आवंटित**	14.16	19.60	15.32	05.62	11.06	**65.76**
		उपयोग	14.16	19.60	15.32	05.62	11.06	**65.76**
2.	CRPF	**आवंटित**	81.45	114.66	64.79	63.08	43.73	**367.71**
		उपयोग	80.82	113.86	61.95	61.82	42.97	**361.42**
3.	BSF	**आवंटित**	30					**30**
		उपयोग	0.95	4.44	0.32	06.26	12.90	**24.87**
4.	ITBP	**आवंटित**	32.70	34.55	23.90	47.69	50.30	**189.14**
		उपयोग	32.70	34.55	23.90	47.69	50.30	**189.14**
5.	CISF	**आवंटित**	16.37	35.32	18.49	08.91	23.72	**102.81**
		उपयोग	16.28	35.17	18.26	08.84	23.72	**102.27**

कुल आवंटन :755.42 करोड़

कुल उपयोग :743.46 करोड़

लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *41 दिनांक 03.02.2026

अनुलग्नक- I

<u>केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के प्रशिक्षण संस्थानों का विवरण:</u>

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	प्रशिक्षण संस्थानों की संख्या
1.	आंध्र प्रदेश	1
2.	अरुणाचल प्रदेश	2
3.	असम	2
4.	बिहार	2
5.	छत्तीसगढ़	1
6.	गुजरात	1
7.	हरियाणा	5
8.	हिमाचल प्रदेश	3
9.	जम्मू और कश्मीर	3
10.	झारखंड	4
11.	कर्नाटक	6
12.	केरल	1
13.	लद्दाख	1
14.	मध्य प्रदेश	15
15.	महाराष्ट्र	4
16.	मणिपुर	1
17.	नई दिल्ली	2
18.	ओडिशा	1
19.	पंजाब	2
20.	राजस्थान	8
21.	तमिलनाडु	4
22.	तेलंगाना	2
23.	उत्तर प्रदेश	4
24.	उत्तराखंड	6
25.	पश्चिम बंगाल	2
	कुल	83